बस्तर परिवहन संघ के अध्यक्ष अमरजीत सिंह और सचिव बने राजेश झा

एकता पेनल के सभी प्रत्याशी विजयी

जगदलपुर, 25 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। बस्तर परिवहन संघ के अध्यक्ष पद पर एकता पेनल के प्रत्याशी अमरजीत सिंह और सचिव पद पर राजेश झा उर्फ कन्हैया, उपाध्यक्ष पद पर संजय विश्वकर्मा और आनंद सिंह चौहान कोषाध्यक्ष पद पर अनिल सिंह और सहसचिव पद पर भूपेंद्र सिंह ठाकुर एवं शेखर विश्वास विजयी रहे।

बस्तर परिवहन संघ की नई कार्यकारिणी के लिए 25 फरवरी को सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हुआ, जो शाम 4 बजे तक जारी रहा। बीपीएस चुनाव में 2118 मतदाता में से 1453 मतदाताओं ने अपने मतधिकार का प्रयोग किया। पहली बार बीपीएस चुनाव में तीन पैनल के अलावा दो निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में थे। शाम 6 बजे से मतगणना प्रारम्भ हुई और देर रात तक जारी रही। उल्लेखनीय है कि बीपीएस चुनाव प्रक्रिया के तहत 19 फरवरी को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया था, इसके बाद प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान शुरू किया था। 24 फरवरी की शाम प्रचार अभियान थम गया। इसके बाद 25 फरवरी को शाम 4 बजे तक मतदान हुआ। मतदान समाप्ति के एक घंटे बाद 6 बजे से मतगणना शुरू हुआ और देर रात परिणाम की घोषणा की गई।

सुबह से रहा गहमागहमी का माहौल

बीपीएस में मतदान के दौरान गहमा गहमी का माहौल रहा। वहीं सुरक्षा को लेकर बड़ी संख्या में जवानों को तैनात किया गया था। वहीं प्रत्याशी भी अपने अपने समर्थकों के साथ सुबह से संघ कार्यालय के सामने डटे रहे।

23 प्रत्याशी थे मैदान में

बीपीएस चुनाव में 7 पद के लिए 23 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे। हम सबका पैनल में उगता सूरज चुनाव चिन्ह से अध्यक्ष पद पर प्रदीप पाठक, उपाध्यक्ष पद पर शीतला गुप्ता व गोपेन्द्र सिंह चौहान, सचिव पद पर महेंद्र सिंह नयन, सह सचिव पद पर जीतेन्द्र यादव व कमलेश शाह, कोषाध्यक्ष पद पर भूपेंद्र सिंह झज्ज शामिल रहे। अपना पैनल में चाबी छाप चुनाव चिन्ह से अध्यक्ष पद पर मलकीत सिंह गैदु, उपाध्यक्ष पद पर सुखदेव सिंह सुखी व विजय झा, सचिव पद पर रविंदर सिंह परिहार, सहसचिव पद पर पर संतोष सिंह यादव व वकील यादव, कोषाध्यक्ष पद पर चंपालाल संत मैदान में रहे। वहीं एकता पैनल में दीवाल घड़ी चुनाव चिन्ह से अध्यक्ष पद पर अमरजीत सिहं रियार, उपाध्यक्ष पद पर संजय विश्वकर्मा व आनंद सिंह चौहान, सचिव पद पर राजेश झा, सह सचिव पद पर शेखर विश्वास व भूपेश सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष पद पर अनिल सिंह तथा निर्दलीय प्रत्याशी में उपाध्यक्ष पद पर राजीव शर्मा बल्ला छाप और सह सचिव पद पर राजमनिष ठाकुर गैस चुल्हा चुनाव चिन्ह के साथ अपना भाग्य आजमाया।

मेकाज को 16 साल बाद मिला कार्डियोलॉजिस्ट

◆ एक सप्ताह में 100 से अधिक मरीजों को मिला जांच उपचार

जगदलपुर 25 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। मेडिकल कॉलेज स्थापना के 16 सालों बाद बस्तर के मरीजों को कार्डियोलाजिस्ट मिला है। हृदय रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना के बाद बस्तर के दिल के मरीजों को इलाज मिलना शुरू हो गया है। मेकाज के कार्डियोलाजी डिपार्टमेंट में हैदराबाद से आए एमडी डीएम डॉक्टर ई श्रीकांत ने सप्ताह भर पहले ज्वाइन कर लिया है और उन्होंने मरीजों के इलाज की शुरूआत भी कर दी है। पिछले एक सप्ताह के अंदर 100 से अधिक हृदयरोगियों का जांच उपचार किया गया। कार्डियोलाजिस्ट की पदस्थपना से लोगों को काफी राहत मिली है।

जिला महारानी अस्पताल में 28 अगस्त 2006 को मेडिकल कॉलेज शुरू किया गया। नया भवन बनने के बाद डिमरापाल में मेडिकल कॉलेज को शिफ्ट कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज बनने के 16 साल तक बस्तर के लोगों को एक कार्डियोलाजिस्ट नहीं मिल रहा था। हैदराबाद से आए एमडी डीएम डॉक्टर ई श्रीकांत के आने के बाद मेकाज संभाग का पहला ऐसा सरकारी हास्पिटल बन गया है, जहां दिल के इलाज की सुविधा के साथ कार्डियोलाजी डिपार्टमेंट मौजूद है। डॉक्टर श्रीकांत मेकाज ज्वाइन करते ही कार्डियोलाजी डिपार्टमेंट की ओपीडी शुरू कर दी है। पिछले एक सप्ताह में करीब 100 से ज्यादा हृदयरोगियों का वे इलाज कर चुके हैं।

बड़े शहरों में जाने से मिलेगा छुटकारा

मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलाजिस्ट नहीं होनें से पहले बस्तर संभाग के मरीजों को दिल का इलाज कराने के लिए हैदराबाद, विशाखापटनम और रायपुर जाना पड़ता था। इसके लिए मरीजों को हजारों रूपये खर्च करना पड़ता था। गरीब लोगों को आर्थिक परेशानी से जुजना पड़ता था। बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम के और हास्पिटल अधीक्षक अनुरूप साहू लगातार प्रयास से डॉक्टर श्रीकांत ने मेकाज ज्वाइन किया है।

हृदयरोगियों का निशुल्क जांच-उपचार

दिल के इलाज की पूरी व्यवस्था मरीजों के लिए निशुल्क रखी गई है, अभी यहां मरीजों को इलाज के लिए किसी तरह की कोई फीस नहीं देनी है। इसके अलावा हृदयरोगियों के दवा के लिए भी अलग से व्यवस्था की जा रही है। अभी कार्डियोलाजी डिपार्टमेंट में मरीजों की जांच व दवाएं देने का काम शुरू हुआ है आने वाले समय में हृदयरोगियों के लिए सभी जांच, ऑपरेशन व अन्य सुविधाएं भी यहां लागू की जाएंगी।

नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का तृतीय चरण प्रारंभ

जगदलपुर, 25 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर पालिका निगम जगदलपुर के लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण एवं बासमुंडा धेरा में आयोजित संकल्प शिविर के तृतीय चरण के शुभारंभ में महापौर सफीरा साहू ,नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे वरिष्ठ पार्षद योगेंद्र पांडे ,नरसिंह राव ,भारती श्रीवास्तव,निर्मल पाणिग्रही ,रीना धोष ,ललिता राव , पूर्व पार्षद ,खेमसिंह देवागन,राणा धोष ,अतुल कोशल ,प्रकाश तिवारी , सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और तथा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक अपार उत्साह के साथ शामिल हुए। प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण में विकसित संकल्प यात्रा के सफलता के पश्चात शासन के द्वारा प्रदेश में विकसित संकल्प यात्रा का तृतीय चरण प्रारंभ किया गया है जिसके तहत नगर पालिका निगम जगदलपुर में आज प्रधानमंत्री संकल्प विकसित यात्रा के तृतीय चरण का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर महापौर सफीरा साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री गांव, गरीब, किसान सभी को जनकल्याणकारी योजनाओं से अंतिम व्यक्ति तक लाभान्वित हो , सबको विकास से जोड़ना है जिसके तहत विकसित संकल्प भारत यात्रा का तृतीय चरण भी प्रारंभ किया गया है। उन्होंने संकल्प शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होने का आग्रह किया।

इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे ने कहा कि संकल्प विकसित यात्रा शिविर के प्रथम एवं द्वितीय चरण की अपार सफलता के बाद तृतीय चरण का आगाज हुआ। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि जनकल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। श्री पांडे ने कहा कि आपकी सरकार है योजनाओं का लाभ अवश्य उठायें।

वरिष्ठ पार्षद योगेंद्र पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध होकर काम कर रही है। इस मौके पर सभी जनप्रतिनिधियों ने अधिकारी-कर्मचारियों तथा नागरिकों को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। वही स्कूल छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आयुक्त हरेश मंडावी ने कहा कि जनहितकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए शहर में तीन दिवसीय संकल्प यात्रा शिविर आयोजित की जा रही है। शिविर के तृतीय चरण में आज शहर के लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण एवं बासमुंडा धेरा वीर सावरकर वार्ड मे शिविर लगाया गया है।

आयोजित संकल्प यात्रा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने ,आयुष्मान कार्ड ,स्व निधि योजना,महिला बाल विकास विभाग ,प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के कार्ड का वितरण किया। इस दौरान अतिथियों ने महतारी वंदन योजना ,आयुष्मान भारत पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वास्थ्य विभाग,महिला बाल एवं विकास विभाग प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य परीक्षण ,बैंक हेल्प डेस्क इत्यादि के स्टाल का निरीक्षण कर अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ देने के निर्देश दिए।

मुठभेड़ में 3 नक्सलियों का शव बरामद

कांकेर, 25 फरवरी । थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र के ग्राम भोमरा-हुरतराई के मध्य जंगल पहाड़ी क्षेत्र मे हुई मुठभेड में तीन नक्सलियों की मौत हुई है। घटना स्थल से पुलिस पार्टी ने तीन शवों के साथ ही 3 नग भरमार बंदूक एवं दैनिक उपयोगी व नक्सली सामग्री बरामद किया है। बता दें कि जिले में नक्सल उन्मूलन के तहत नक्सलियों के विरूद्ध लगातार संचालित किये जा रहे अभियान के तहत थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम भोमरा,हुरतराई, मिच्चेबेड़ा व उसके आसपास क्षेत्र में नक्सल कंपनी नंबर-05 के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर दिनांक रविवार 25 फरवरी को 30वीं वाहिनी बीएसएफएवं डीआरजी की संयुक्त टीम संयुक्त नक्सल अभियान में थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम भोमरा,हुरतराई,मिच्चेबेड़ा की ओर रवाना हुये थे। नक्सल गस्त/सर्चिंग के दौरान रविवार सुबह लगभग 8 बजे थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम भोमरा-हुरतराई के मध्य जंगल पहाड़ी में नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया। पुलिस पार्टी ने भी जवाबी कार्यवाही की तो पुलिस पार्टी को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल-पहाड़ की आड़ लेकर भाग गये। पुलिस पार्टी द्वारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण करने पर घटना स्थल से 3 पुरूष नक्सलियों का शव,3 नग भरमार बंदूक एवं दैनिक उपयोगी नक्सली सामग्री बरामद किया गया। मृत नक्सलियों की पहचान नही हुई जिनकी पहचान की कार्यवाही की जा रही है।

कांगेर घाटी में सम्पन्न हुई गुफाओं पर आधारित कार्यशाला

जगदलपुर 25 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। कांकेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान भूमिगत लाइमस्टोन गुफाओं के लिए प्रसिद्ध है यहां कुटुमसर गुफा ,कैलाश गुफा जैसे 15 से अधिक गुफाएं हैं जो राष्ट्रीय उद्यान की सुंदरता को बढ़ाती है। दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को कोटमसर गांव में नेशनल केव रिसर्च एंड प्रोटक्शन ऑर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर किया गया।

कार्यशाला में जयंत विश्वास जी के द्वारा गुफा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही श्री राजन जी ने गुफा की खोज कैसे की जाती है और गुफाओं के सर्वे के वक्त दुर्घटना से बचने के लिए किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इस संबध में बताया गया। साथ ही गुफाओं के सर्वे के समय गुफाओं को हानी ना पहुंचाते हुए इसका अध्ययन किस रूप से कैसे कर सकते हैं इस संबंध में विस्तृत रूप से प्रेजेंटेशन और गुफा ले जाकर फील्ड में जानकारी दी। इसके अलावा पर्यटकों को भूगर्भीय अध्ययन के दृष्टिकोण से उनकी महत्वता को कैसे अर्जित कराया जाता है यह भी बताया गया।

50 से अधिक प्रतिभागी हुये सम्मिलित

इस कार्यशाला में डॉ जयंत विश्वास गुफा ,श्री राजन विश्वनाथ विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे । प्रतिभागियों में राष्ट्रीय उद्यान के नेचर गाइड, आईएसबीएन यूनिवर्सिटी के स्कॉलर और विभागीय कर्मचारी शामिल थे। पार्क निदेशक धम्मशील गणवीर ने बताया कि इस कार्यशाला से गुफाओं के वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रबंधन के लिए पार्क को सहायता मिलेंगी। साथ ही स्थानीय नेचर गाइड़ को इको टूरिज्म के माध्यम से गुफाओं की वैज्ञानिक जानकारी पर्यटकों तक पहुंचाने के लिए मदद मिलेगी।

मानक गुणवत्ता के पेयजल प्रदाय के लिए नगर निगम करवा रहा जल संसोधन संस्थान की सफाई

जगदलपुर, 25 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। शहरवासियों को स्वच्छ जल आपूर्ति के लिए नगर पालिक निगम सदैव प्रयासरत रहती है। अब गर्मियों में आम नागरिकों को स्वच्छ जल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए नगर पालिक निगम जगदलपुर द्वारा पूर्व तैयारी की जा रही है। इसी तारतम्य में जहां नगर पालिक निगम जगदलपुर के जल प्रदाय शाखा अंतर्गत मानक गुणवत्ता के जल प्रदाय हेतु उच्च स्तरीय जलागारों की सफ़ाई करवाई गई है तो अब पुराने जल संसोधन संस्थान के इंटेक वेल्स और सेटलिंग टंकियों की सफ़ाई भी करवाई जा रही है। नगर पालिक निगम ने इस विशेष सफ़ाई कार्य के लिए जगदलपुर के ही संस्थान सफ़ाई वाला से अनुबंध किया गया है। गौरतलब हो कि सफ़ाई वाला पानी टंकियों कि आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति से सफ़ाई के लिए अनुभवी और आईएसओ प्रमाणित संस्थान है। सेटलिंग टैंक्स और इंटेक वेल्स कि सफ़ाई के लिए सबसे पहले टंकियों को खाली किया जाता है, जिसके बाद हाई प्रेशर पम्प की मदद से जमी हुई कीचड़ को बाहर किया जाता है। दीवारों में जमी हुई कीचड़ और काई को हाई प्रेशर रोटरी जेट मशीन की मदद से साफ़ किया जाता है। लगातार बार बार इस प्रक्रिया को दोहराते हुए सेटलिंग टैंक्स और इंटेक वेल्स में जमी हुई कीचड़ की सफ़ाई होती है। जल प्रदाय शाखा के उप अभियंता श्री संजीव कर्ण ने बताया है कि पुराने जल संसोधन संस्थान के सेटलिंग टेंक्स से सफ़ाई के दौरान तक लगभग हज़ारों क्विंटल कीचड़ बाहर निकाली गई है। सेटलिंग टैंक्स से कीचड़ और जमी हुई काई के बाहर हो जाने से गर्मियों के दौरान मानक गुणवत्ता का पेयजल प्रदाय करने में नगर निगम को कोई परेशानी नही होगी। स्थानीय स्तर के कंपनी द्वारा सफ़ाई का कार्य किए जाने से समय में कार्य पूर्ण होने कि उम्मीद है।

◆ निकाला गया हजारों क्विंटल से अधिक कीचड़

एमबीबीएस में सीट दिलाने के नाम पर 3 लाख की ठगी

◆ बेटी को डॉक्टर बनाने ठगी का शिकार हुआ व्याख्याता

जगदलपुर 25 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। धरमपुरा अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड निवासी एक व्याख्याता की बेटी को एक युवक ने फर्जी साइड में एमबीबीएस में एडमिशन दिलाने के नाम पर तीन लाख रुपये से अधिक की राशि ठग लिया। सीट नहीं मिलने और युवक के द्वारा लगातार पैसे की मांग को देखते हुए थाना कोतवाली में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है।

प्रार्थी ने बताया कि प्रिंस कुमार गुप्ता द्वारा एमबीबीएस डिग्री कोर्स में एडमिशन दिलाने के नाम पर ठगी किया है। प्रार्थी नेगानार हायर सेकेण्डरी स्कूल में व्याख्याता के पद पर पदस्थ है। उन्होंने बताया गया कि उसकी बेटी ने सितंबर माह 2022 में नीट की परीक्षा दी। रिजल्ट जारी होने के बाद प्रिंस कुमार गुप्ता के द्वारा फेसबुक में एमबीबीएस एडमिशन के संबंध में विज्ञापन जारी किया था। विज्ञापन देखकर फेसबुक पर लाइक करने के साथ ही एडमिशन नाऊ का बटल दबाने पर नाम, पता और मोबाइल नम्बर मांगा गया। जिस पर डिटेल भेजा गया। जिसके बाद प्रिंस कुमार गुप्ता के कर्मचारी द्वारा फोन किया गया और मोती तालाब नेहरू नगर भिलाई में एमबीबीएस एडमिशन की जानकारी के लिए बुलाया गया। प्रिंस कुमार गुप्ता के द्वारा भारत के एमबीबीएस के विभिन्न कालेज के बारे में जानकारी दिया।

बीजीएस ग्लोबल मेडिकल कालेज का दिया झांसा

आरोपी ने बेंगलूरू (कर्नाटक) के बीजीएस ग्लोबल मेडिकल कालेज में एडमिशन की बात कहा। जहां एमबीबीएस में एडमिशन दिलाने के नाम पर मुझसे पांच लाख रूपये मांग किया गया। 16 सितंबर 2022 को बैंक आफ बडोदा जगदलपुर जाकर एक लाख रूपये एनएफईटी के माध्यम से उसके एकाउंट नम्बर 2629020000115 में ट्रांसफर किया गया। प्रिंस गुप्ता ने चार जनवरी 2023 को एडमिशन हो जायेगा फिर भी एडमिशन नहीं हुआ और आज दिनांक तक एडमिशन नहीं करा पाया और न ही 3,25,000 रूपये मुझे वापस दिया है।

बेंगलूरू बुलाकर दिया धोखा

आरोपी ने दिसम्बर माह 2022 में मन्नत गौतम का एडमिशन हो जाने की बात कहते हुए बेंगलूरू आने की बात कही, जिस पर प्रार्थी 18 दिसम्बर 2022 को राजधानी ट्रेवल्स जगदलपुर से बेंगलूरू पहुचे, 20 दिसम्बर 2022 को बेंगलूरू में प्रिंस कुमार गुप्ता ने एडमिशन के नाम पर 10 लाख मुझसे मांगा। मना करने पर 2,25000 रूपये रजिस्ट्रेशन के नाम पर मांगा और एडमिशन होने के बाद बाकि रूपये बाद में दे देने की बात कही। 30 दिसम्बर 2022 को 2,25,000 उसके पर्सनल एकाउंट नम्बर 50100325420490 एचडीएफसी बैंक में प्रिंस कुमार गुप्ता के एकाउंट में लैपटाप के माध्यम से 2,25,000 रूपये ट्रांसफर किया।

22 लोगों ने किया रक्तदान रक्तदाताओं को किया गया सम्मानित

जगदलपुर 25 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। श्री सत्य साईं सेवा संगठन की ओर से जिला महारानी अस्पताल ब्लड सेंटर के सहयोग से नगरनार स्तिथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। इस शिविर में पहुंच कर गांव के 22 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ रात्रे ने लोगों को समझाते हुए बताया कि रक्तदान महादान है। 18 वर्ष से अधिक उम्र के कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। आपके द्वारा दिया गया खून किसी का जीवन बचा सकता है। उन्होंने रक्तदान से होनें वाले फायदे के साथ लोगों के भ्रान्ति को भी दूर किया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सत्य साईं सेवा संगठन के संजय वैष्णव, महारानी अस्पताल के रोमा सिन्हा, श्रीमती मंडावी, अमर दास, तिलक और विमल पोया आदि मौजूद रहें।

मुद्रक व प्रकाशक विश्वरूप बोस द्वारा मालिक विश्वरूप बोस के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : प्रधान संपादक - श्रीमती मणिकुंतला बोस
संपादक - विश्वरूप बोस Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Website: www.dandakaranyasamachar.com